नगर पंचायत, हवेली खड़गपुर
अंकेक्षण प्रतिवेदन सं0– 646/13–14
अंकेक्षण वर्ष– 2007–08 से 12–13

1. प्रस्तावना

हवेली खड़गपुर, नगर पंचायत के वर्ष 2007–08 से 2012–13 के लेखाओं की नमुना लेखापरीक्षा प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), स्थानीय लेखापरीक्षा शाखा, पटना के एक लेखापरीक्षा दल द्वारा दिनांक 17.06.2013 से 22.06.2013 तक की अवधि में किया गया।

2. प्रशासन

कार्यपालक पदाधिकारी

क0सं0	कार्यपालक पदाधिकारी का नाम(सर्वश्री)	अवधि
1	रविन्द्र राम	01.04.07 से 14.07.07
2	विपिन कुमार यादव	14.07.07 से 26.10.07
3	तौकीर आलम	26.10.07 से 01.12.09
4	आशीष नारायण	01.12.09 से 20.04.10
5	परनानन्द सिंह	20.04.10 से 31.03.13

मुख्य पार्षद

1	श्री गोपाल दास	01.04.07 से 08.06.07
2	श्रीमति निर्मला देवी	09.06.07 से 08.06.12
3	श्रीमति दीपा केशरी	09.06.12 से 31.03.13

उप मुख्य पार्षद्

1	श्रीमति सुन्दरी देवी	01.04.07 से 08.06.07
2	श्री विपिन कुमार	09.06.07 से 08.06.12
3	श्री महेश प्रसाद साव	09.06.12 से 31.03.13

3. लेखापरीक्षा का क्षेत्र

लेखापरीक्षा में जाँच किये गये अभिलेखों की सूची परिशिष्ट – I तथा लेखापरीक्षा में उपस्थापित नहीं किए अथवा असंधारित अभिलेखों की सूची परिशिष्ट– II में दी गयी है।

4. पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा प्रतिवेदन

पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का अनुपालन प्रतिवेदन लेखापरीक्षा में उपस्थापित नहीं किया गया।

(87)

5. प्रमुख लेखापरीक्षा उपलब्धियाँ

क्र0सं0	कंडिका सं0	विवरणी
1	11	निधि का अवरोधन– ₹32.08 लाख
2	12	13वीं वित मद की अनुदान का विचलन– ₹34.13 लाख
3	13	कम/नहीं जमा– ₹3.54 लाख
4	15	सरकारी भवनों से बकाया करों की वसूली नहीं:– ₹5.30 लाख
5	16	होल्डिंग टैक्स का बकाया किराया– ₹8.87 लाख
6	17	स्वास्थ्य एवं षिक्षा उपकर की वसूली नहीं– ₹1.42 लाख
7	18	बकाया दुकान किराया–₹4.32 लाख
8	19	संचार (मोबाइल) टावरों का पंजीकरण एवं नवीकरण शुल्क का बकाया–₹2.88 लाख
9	20	सुरक्षित जमा से कम में बन्दोवस्ती किए जाने से राजस्व क्षति–₹0.70 लाख
10	23	सोलर लाईट क्रय में अनियमितता– ₹6.99 लाख
11	24	अनियमित रूप से एकल निविदा–₹35.85 लाख
12	26	विलम्ब शुल्क की कटौती नहीं–₹1.73 लाख
13	27	श्रम उपकर की कटौती नहीं–₹1.50 लाख
14	24	दैनिक मजदूरी पर अप्राधिकृत व्यय– ₹16.00 लाख

6. आंतरिक लेखापरीक्षा

बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत नगर पंचायत लेखा के आंतरिक लेखापरीक्षा का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है, परन्तु बिहार नगरपालिका लेखा नियमावली,1928 के नियम 20, 30 तथा 36 एवं रिकवरी ऑफ टैक्स नियमावली के नियम 37 एवं 39 आदि में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा इस कार्य हेतु प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा आंतरिक जाँच के प्रावधान हैं। नियमावली में दी गयी जाँच प्रकिया का उद्धेश्य लेखापरीक्षा के समुचित संधारण तथा समन्वयन के साथ– साथ त्रुटियाँ एवं अनियमितताओं का निराकरण करना है।

नगर पंचायत के अभिलेखों की जाँच के क्रम में पाया गया कि उपरोक्त नियमावली में वर्णित जाँच नहीं की गयी, जिसके कारण अनेक अनियमितताएँ पायी गयी। इनकी विवेचना आगे की कंडिकाओं में की गयी है।

निश्चित अन्तराल पर अगर नगर पंचायत पदाधिकारियों द्वारा उक्त जाँच प्रकिया अपनायी गयी होती तो लेखापरीक्षा के क्रम में पायी गयी त्रुटियाँ नहीं होती।

अतः नगर पंचायत प्रशासन से यह अनुरोध है कि आंतरिक जाँच प्रकिया का पालन नियमित रूप से किया जाय ताकि भविष्य में अनियमितता/त्रुटियों का पुनरावृति न हो।

89

कार्यालय, महालेखाकार (लेखापरीक्षा), बिहार,
सामाजिक प्रक्षेत्र –I स्थानीय लेखापरीक्षा शाखा,
वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना - 800001

सं0. एल0ए0/एस0एस0–1/श0स्था0नि0/14435/1894 दिनांकः– 26.9.14

Spl. Sec.

17 OCT 2014

सेवा में,

सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार सरकार, पटना

महाशय,

नगर पंचायत, हवेली खड़गपुर के वर्ष 2007–08 से 12–13 तक के लेखाओं पर आधारित लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सं0 646/13–14 आपके सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है। अनुरोध है कि इस लेखापरीक्षा प्रतिवेदन की कंडिकाओं का अनुपालन, लेखापरीक्षा प्रतिवेदन प्राप्ति के 3 माह के अन्दर पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों की लम्बित कंडिकाओं के अनुपालन के साथ अभिप्रमाणित साक्ष्य सहित नगर पंचायत बोर्ड से अनुमोदित कराकर जिला स्तरीय समिति के समीक्षोपरान्त प्रेषित किया/करवाया जाय जिससे लेखापरीक्षा के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके।

यह निरीक्षण प्रतिवेदन लेखापरीक्षित इकाई द्वारा समर्पित एवं उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं/विवरणों के आधार पर तैयार किया गया है। महालेखाकार (लेखापरीक्षा), बिहार पटना का कार्यालय लेखापरीक्षित इकाई द्वारा किसी भी गलत सूचना देने अथवा सही तथ्य छिपाने की जवाबदेही का दावा नहीं करता है।

संलग्नकः यथोपरि

भवदीय,

29/9/14

वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी
शहरी स्थानीय निकाय
सामाजिक प्रक्षेत्र–I
बिहार, पटना

7. वित्तीय अधिदृश्य

नगर पंचायत, हवेली खड़गपुर के सामान्य रोकड़ बही जो सहायक रोकड़ बहियों के आधार पर संधारित था, के अनुसार वर्ष 2007–08 से 2012–13 तक आय व्यय विवरणी तैयार किया गया है:–

(विस्तृत विवरणी परिशिष्ट– III पर)

(ख) बी.आर.जी.एफ. रोकड़ बही

बी.आर.जी.एफ. मद के लिए अलग रोकड़ बही संधारित किया गया था, जिसके अनुसार आय– व्यय निम्न प्रकार से था–

विवरणी	2008–09	2009–10	2010–11	2011–12	2012–13
प्रारंभिक शेष	शून्य	2416671	6264629	6774460	11356288
वर्ष की प्राप्ति	2946771	4881272	2387930	4881828	3184466
कुल प्राप्ति	2946771	7297943	8652559	11356288	14540754
कुल व्यय	530100	1033314	1878099	शुन्य	4739066
अन्तशेष	2416671	6264629	6774460	11356288	9801689

(विस्तृत विवरणी परिशिष्ट– IV पर)

8. बैंक समाधान विवरणी

सहायक रोकड़ बहियों एवं बैंक खाता/कोषागार खाता का अन्त अन्तशेष दिनांक 31.03.2013 को निम्न प्रकार से था:–

क0 सं0	सहायक रोकड़ बही	बैंक एवं खाता सं0	अंतिम संधारित तिथि तक रोकड़ बही का अन्तशेष	तदनुसार बैंक का अन्त शेष	बैंक /कोषागार खाता का अन्तशेष (31.03.13)	अन्तर
1	बी.आर.जी.एफ	पी.एन.बी. –07370001031461411	9801689.00 31.03.13	——	9841256.00 31.03.13	39567.00
2	एस.जे.एस.आर. वाई	पी.एन.बी. –07370001031460196	2930609.66 31.03.13	——	3203672.00	
3	विविध (वाणिज्य एवं अन्य)	कोषागार खाता–071	1017904.75 12.07.10	6961302.41 12.07.10	22463341.41 31.03.13	ज्ञात नहीं
4	न0वि0वि0		6589596.30 01.10.10	6579944.41 01.10.10		ज्ञात नहीं
5	चतुर्थ राज्य वित		13186702.00 31.03.13			ज्ञात नहीं
6	वेतन भत्ता एवं विविध	बैंक ऑफ इण्डिया–464610100006196	1817031.66 06.03.12	223337.00 06.03.12	1253247.00	ज्ञात नहीं
7	एन.एस.डी.पी		78700.00 31.03.13		अनुपलब्ध	ज्ञात नहीं

185

8	जनगणना	पी.एन.बी. —0737000100209889	12534.00 31.03.13			ज्ञात नहीं
9	मार्केट कम्पलेक्स (स्वपोषित)		87700.00 31.03.13	192342.50	356824.50	ज्ञात नहीं
10	राष्ट्रीय समाजिक सुरक्षा		शुन्य 31.03.12		अनुपलब्ध	ज्ञात नहीं

लेखापरीक्षा आपत्तियाँ :–

1. उपरोक्त सहायक रोकड़ बहियों के आधार पर सामान्य रोकड़ बही का संधारण किया जा रहा था। उपरोक्त सहायक रोकड़ बही का संधारण उपरिवर्णित तिथि तक ही किया गया था तथा तदनुसार जांच भी उक्त तिथि तक ही किया गया। सामान्य रोकड बही दिनांक 20.04.11 तक ही संधारित किया गया था। जिसके कारण मदवार अन्त शेष दिनांक 31.03.13 का सत्यापित नहीं किया जा सका।
2. वर्ष के अन्त में शीर्षवार आय – व्यय विवरणी (मासिक एवं वार्षिक) नहीं बनाया गया।
3. बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं किया गया था।
4. वार्षिक लेखा भी तैयार नहीं किया गया था
5. एक से अधिक मदों का संव्यवहार संयुक्त रूप से एक ही बैंक खातों/कोषागार खाता से किया जा रहा था। परिणामस्वरूप मदवरा बैंक का अन्तशेष ज्ञात नहीं किया जा सका।
6. सहायक रोकड़ बहियों में चेक सं0, तिथि व उददेश्य आदि का उल्लेख व्यय भाग में नहीं किया गया था।
7. किसी भी मद के रोकड़ बहियों में बैंक ब्याज का इन्द्रराज नहीं किया गया था।

उपर्युक्त लेखापरीक्षा आपत्तियों के संबंध में नगर पंचायत द्वारा जवाव दिया गया कि उपर्युक्त सभी कंडिकाओं का बिन्दुवार अनुपालन शीघ्र किया जायेगा एवं अगले अंकेक्षण में प्रस्तुत किये जायेंगे साथ ही अंकेक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने पर उपरोक्त सभी का अनुपालन कर अनुपालन प्रतिवेदन महालेखाकार कार्यालय को भेज दिया जायेगा।

अतः उपर्युक्त आपत्तियों का अनुपालन प्रतिवेदन अगले लेखापरीक्षा में प्रस्तुत किया जाय।

9. वार्षिक लेखा तथा वजट प्राक्कलन

नगर पंचायत, हवेली खड़गपुर द्वारा, बिहार नगरपालिका लेखा नियम, 1928 के नियम 82 से 84 के तहत, वित्तीय वर्ष 2009–10 तथा 2012–13 तक के लिए प्रत्येक वर्ष के लिए मदवार प्राप्तियों एंव मासिक लेखा तैयार नहीं किया गया था। वार्षिक लेखा तैयार नहीं किये जाने से शीर्षवार आय एवं व्यय की जाँच नहीं की जा सकी।

पुनः बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 82 के अनुसार कार्यपालक पदाधिकारी आगामी वर्ष के लिए बजट तैयार करेगा। उक्त अधिनियम की धारा 84 के अनुसार उसे सशक्त स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगा एवं समिति उसमें यथोचित संशोधन कर सकेगी। 15 मार्च तक नगरपालिका ऐसे

परिवर्तन के साथ अंगीकार करेगी जैसा वह आवश्यक समझे। नगर पंचायत के मामलें में स्वीकृत बजट को उप निदेशक लोकल फंड को भेजा जाएगा जिसे वह 31 मार्च तक वापस कर सकेगा।

नगर पंचायत कि तथा समय– समय पर सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार बजट प्राक्कलन तैयार नहीं किया गया था। बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 की धारा 75 के अनुसार बगैर बजट प्रावधान के किसी प्रकार का व्यय नहीं किया जाएगा। बगैर बजट प्रावधान के उक्त वर्षों में किए गए व्यय को अप्राधिकृत व्यय माना जाएगा। इस प्रकार, वित्तीय वर्ष 2009–10 तथा 2012–13 के दौरान किया गया संपूर्ण व्यय अप्राधिकृत हो गया।

उपर्युक्त लेखापरीक्षा आपत्तियों के संबंध में नगर पंचायत द्वारा जवाब दिया गया कि वर्ष 2013–14 से बजट बनाया गया है। इसके पूर्व वर्ष का बजट नहीं बनाया गया था।

अतः सक्षम पदाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए सुझाव दिया जाता है कि बिहार नगरपालिका अधिनियम 1928, तथा सरकार द्वारा इस संबंध में समय– समय पर जारी किया गया दिशानिर्देशों के अनुसार प्रतिवर्ष मदवार प्राप्तियों एवं व्यय को प्रदर्शित करने वाला वार्षिक, त्रैमासिक व मासिक लेखा तथा बजट प्राक्कलन तैयार करवाने की दिशा में उचित व प्रभावी कदम उठाया जाय।

10. सरकारी अनुदान

यद्यपि नगर पंचायत के द्वारा अनुदान पंजी का संधारण नहीं किया गया था फिर भी प्रस्तुत किये गये सहायक रोकड़ बहियों, आवंटन पंजी एवं कोषागार आवंटन पंजी के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि वर्ष 2007–08 से 2012–13 तक कुल ₹62833145.00 का अनुदान/आवंटन सरकार से प्राप्त हुआ था। परन्तु ₹60966185.00 ही नगर पंचायत के खाता में जमा हो सका।

(विस्तृत विवरणी परिशिष्ट– V पर)

न0वि0 एवं आ0वि0, पटना पत्रांक 53 एवं 61 दिनांक 19.03.12 को चतुर्थ राज्य वित आयोग के अन्तर्गत असम्बद्ध अनुदान मद में ₹2000000.00 प्राप्त हुआ था जिसे बिल कोउ एन–221780193005, मांग सं0 48 के द्वारा कोषागार में दिनांक 28.03.12 को जमा किया गया था, लेकिन कोषागार में नगर पंचायत के खाता–पी0एल0ए0–071 में सिर्फ ₹200000.00 मात्र ही कोषागार कार्यालय के द्वारा किया गया था, जिसकी स्वीकृति कोषागार अधिकारी के द्वारा पत्रांक 1148 दिनांक 04.09.12 किया गया, फलतः ₹1800000.00 का राजस्व हानि नगर पंचायत को उठाना पड.ा। इसकी प्रविष्टि सहायक रोकड़ बही में इस मद के सामंजस्य हेतु ₹1800000.00 को दिनांक 11.09.12 को व्यय भाग में व्यपगत के रूप में की गई थी।

इस संबंध में नगर पंचायत के द्वारा कोषागार खाता में असम्बद्ध अनुदान की कम जमा राशि रू. 1800000.00 की पुनः प्राप्ति हेतु न0वि0 एवं आ0वि0, पटना को पत्रांक 201 दिनांक 21.08.12 एवं 69 दिनांक 16.03.12 भेजा गया था। लेकिन इसकी भरपाई नगर पंचायत को अंकेक्षण अवधि तक नहीं हुई

(83)

थी। अंकेक्षण आपत्ति के आलोक में नगर पंचायत के द्वारा जवाब दिया गया कि सरकारी अनुदान पंजी को संधारण कर एवं कोषागार खाता विवरणी को अगले अंकेक्षण में दिखा दिया जायेगा।

अतः अनुदान पंजी का उचित रूप से संधारण कर एव प्राप्त अनुदानों में से किये गये व्यय की उपयोगिता प्रमाणपत्र अगले लेखापरीक्षा में दिखाया जाय तथा असम्बद्ध अनुदान का व्ययगत अनुदान राशि ₹1800000.00 की पुनः प्राप्ति हेतु प्रयास भी किया जाय।

11. निधि का अवरोधन–₹32.08 लाख

नगर पंचायत, हवेली खड़गपुर के वर्ष 2007–08 से 2012–13 तक के विभिन्न मदो के सहायक रोकड़ पंजी एवं संबंधित बैंक खाता के नमूना जांच में पाया गया कि अनुदान की राशि दो या दो से अधिक वर्षों से अप्रयुक्त पड़ी हुई थी जिसकी विवरणी इस प्रकार है–

क0 सं0	मद	स्वीकृतादेश सं0/तिथि	रोकड़ पंजी की तिथि	दिनांक जब से अनुदान अप्रयुक्त पड़ी हुई थी	अनुदान की राशि	अभियुक्ति
1	प्रशासनिक भवन का निर्माण	न0वि0 एवं आ0वि0 पटना ज्ञापांक 4533 दिनांक 29.08.08 (वर्ष 2008–09)	24.10.08 (नगर विकास विभाग सहायक रोकड़ बही)	24.10.08	2887875.00	लगभग 4.5 वर्ष से अप्रयुक्त
2	आई0एल0सी0एस0	न0वि0 एवं आ0वि0 पटना पत्रांक 138 दिनांक 09.02.11 (वर्ष 2008–09)	अलग रोकड़ बही संधारित नहीं	09.02.11	53375.00	लगभग 2 वर्ष से अप्रयुक्त
		केन्द्रांश राशि ड्राफ्ट सं0 403225/15.03.11		15.03.11	266875.00	लगभग 2 वर्ष से अप्रयुक्त
योग					3208125.00	

बिहार वित्त नियमावली 2005 (खंड–1) के नियम 343 के अनुसार अनुदान की राशि के उपयोग नहीं होने पर संस्वीकृति प्राधिकार को वापस कर देना चाहिए। अनुदान के अवरोधन से उन उद्देश्यों की प्राप्ति नहीं होती है जिसके लिए अनुदान की राशि उपलब्ध करवाई जाती है।

उपरोक्त आपत्ति के आलोक में नगर पंचायत के द्वारा जवाब दिया गया कि प्रशासनिक भवन इसके सम्बन्ध में राशि व्यय नहीं होने का मूल कारण प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध नहीं है इस आशय की सूचना सरकार को भेजी गई है भूमि उपलब्ध होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ किये जायेगें। आई0एल0सी0एस0 कुल 22 शौचालय का निर्माण संबंधित स्वयं सेवी संस्था आस्था ग्राम सेवा जमुई द्वारा किया गया है उन्हें कुल 35 उठाव शौचालय को जलवाही शौचालय में परिवर्तन करना था, जिन्हें

निदेश दिया गया है कि कुल 35 शौचालयों का विपत्र प्रस्तुत करें तब एक मुश्त में भुगतान जांचोपरान्त किये जायेगें।

अतः जवाब के मुताबिक उपरोक्त मद के अनुदान अवरोधन राशि ₹3208125.00 का व्यय उसके उद्देश्य के अनुसार यथाशीघ्र किया जाय एवं अगले अंकेक्षण में दिखाया जाय।

12. तेरहवीं वित्त मद की अनुदान राशि का विचलन –₹34.13 लाख

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार (पत्रांक 5/ब0 13वीं वित्त 3–01/10 –95/न0वि0 एवं आ0वि0 दिनांक 17.08.10) द्वारा तेरहवीं मद की राशि के प्रयोग हेतु कुछ दिशानिर्देश दिए गए थे, जिसके तहत अनुदान राशि का व्यय निम्नवत किया जाएगा।

1. कम से कम 50 प्रतिशत ठोस अवशिष्ट प्रबंधन
2. पाईप जलापूर्ति व्यवस्था
3. सड़कों में प्रकाश व्यवस्था/विद्युत विपत्र का भुगतान
4. रैन बसेरा/ओल्ड ऐज होम का निर्माण एवं रख रखाव

   नगर पंचायत के वर्ष 2007–08 से 2012–13 तक के 13वी वित्त मद से संबंधित योजना अभिलेख एवं योजना पंजी के नमुना जांच में पाया गया कि वर्ष 2011–12 में कुल 11 योजनाएं पी0सी0सी0 सड़क निर्माण एवं नाला निर्माण से ली गई थी जिसमें प्राक्कलन ₹3414773.00 के विरूद्ध कुल ₹3412565.00 व्यय किया गया।

   (विवरणी परिशिष्ट– VI पर)

उपर्युक्त सभी कार्यान्वित 11 योजनाएं सरकार द्वारा दिए गए दिशानिर्देश के विपरीत थे। इस प्रकार कार्यान्वित योजनाओं में ₹3412565.00 का विचलन किया गया।

अंकेक्षण आपत्ति के आलोक में नगर पंचायत के द्वारा जवाब दिया गया कि ये सारी योजनाएं निर्वाचित मंडल बोर्ड के निर्णय एवं पारित होने के पश्चात ली गई। इस मद के अनुदान राशि के विचलन की भरपाई कर दी जाएगी।

अतः इस मद के अनुदान की विचलित राशि ₹3412565.00 की यथाशीघ्र भरपाई की जाय एवं अगले अंकेक्षण में दिखाया जाय तथा भरपाई की जाने तक इस राशि को अंकेक्षण आपत्ति के अधीन रखी जाती है।

13. कम/नहीं जमा– ₹3.54 लाख

गृह कर वसूली हेतु निर्गत किये गये होल्डिंग टैक्स रसीद बुकों, विविध रसीद बुकों जो विभिन्न तहसीलदारों को जारी किया गया था, को संबंधित दैनिक संग्रह पंजी एवं रोकड़ बही के साथ नमूना जांच में पाया गया कि वसुली गई होल्डिंग टैक्स एवं विविध रसीद बुको की राशि कमशः ₹312239.00 एवं ₹41708.00 को संबंधित निधि में जमा नहीं गया था।

(विस्तृत विवरणी परिशिष्ट– VII एवं VII(A) पर)

(8)

लेखापरीक्षा आपत्ति के आलोक में नगर पंचायत के द्वारा जवाब दिया गया उपर्यूक्त राशि को जमा करा कर महालेखाकार कार्यालय को सूचित कर दिया जायेगा।

अतः उपर्युक्त राशि ₹353947.00 को नगर पंचायत के निधि में जमा की जाय एवं अगले अंकेक्षण में दिखाया जाय।

14. होल्डिंग टैक्स का पुनरीक्षण नहीं

बिहार नगरपालिका अधिनियम 1922 की धारा 106 एवं बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 की धारा 127 (उपधारा 13) में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि प्रत्येक 5 वर्षों पर होल्डिग का पुनरीक्षण किया जायेगा।

बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 की धारा 127 उपधारा (9) में कहा गया है कि नगरपालिका राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से वार्षिक किराया मूल्य पर कर की दर को पुनरीक्षित कर सकेगा। उक्त अधिनियम की धारा 127 के उपधारा से (10) में वर्णित है कि इस धारा को लागू करने में यदि किसी प्रकार की कठिनाई हो तो राज्य सरकार को मूल सार को प्रभावित किए बिना निर्देश देने की शक्ति होगी।

नगर पंचायत, हवेली खड़गपुर में वर्ष 1983–84 से होल्डिग टैक्स का पुनरीक्षण नहीं किया गया है। राज्य सरकार द्वारा भी समय– समय पर यह निर्देश दिया जाता रहा है कि नगरपालिका अपने आंतरिक स्रोत से आय में बढ़ोतरी करे ताकि स्वाबलंबी हो सके। लगभग 29 वर्ष बीत जाने के बाद भी पुराने दर से होल्डिग टैक्स की वसूली का होना राजस्व वृद्वि के प्रति घनघोर उदासीनता का द्योतक है। इस उदासीनता के कारण राजस्व की एक बड़ी राशि का उत्तरोतर क्षति हो रहा है। राज्य सरकार एवं नगर पंचायत के सक्षम पदाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है कि होल्डिग टैक्स के पुनरीक्षण कार्य को शीघ्र करवाने की दिशा में कारगर कदम उठाएँ जायें।

अंकेक्षण आपत्ति के आलोक में नगर पंचायत के द्वारा जवाब दिया गया कि पूर्व में बोर्ड द्वारा होल्डिंग टैक्स के पुनरीक्षण हेतु कोई प्रस्ताव प्रस्ताव पारित नहीं किया गया था इस बार वर्ष 2013–14 से सरकार द्वारा स्वीकृत दर पर कर निर्धारण हेतु प्रस्ताव पारित किये गये हैं तदनुसार वर्ष 2013–14 से होल्डिंग की वसूली की जा रही है।

अतः इसकी सत्यापन अगले अंकेक्षण में किया जाय।

15. सरकारी भवनों से बकाया करों की वसूली नहीं– ₹5.30 लाख

होल्डिंग (सम्पत्ति) कर से सम्बन्धित मॉग एवं वसुली पंजी नगर निकाय अप्रस्तुत या असंधारित थी। जिसके कारण नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत कुल सरकारी भवनों एवं उस पर बकाया, करों की मॉग तथा संग्रहण की अद्यतन स्थिति ज्ञात नहीं की जा सकी, हालॉकि, नगर निकाय द्वारा लेखापरीक्षा में प्रस्तुत विवरणियों के अनुसार दिनांक 31.03.13 तक नगर निकाय के क्षेत्रान्तर्गत कुल 65 सरकारी भवनों एवं आवास पर ₹529682.78 होल्डिग कर के रूप में बकाया थी।

उपर्यूक्त लेखापरीक्षा आपत्तियों के संबंध में नगर पंचायत द्वारा जवाब दिया गया कि सरकारी भवनों पर बकाये होल्डिंग टैक्स की वसूली हेतु अनेकों बार नोटिस जारी किया गया था। फिर भी सरकारी भवनों एवं आवासों का टैक्स जमा नहीं किया जा रहा है इसके संबंध में भी जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया था। भविष्य में पुनः स्मार पत्र जिला पदाधिकारी की कार्रवाई हेतु अनुरोध किये जायेगें।

अतः उपर्यूक्त बकाया राशि ₹529682.78 वसूली हेतु सरकार के नोटिस में लाया जाय एवं कृत कार्रवाई से अगले लेखापरीक्षा को अवगत कराया जाय।

16. होल्डिंग टैक्स का बकाया राशि– ₹8.87 लाख

यद्यपि कार्यालय के द्वारा होल्डिंग टैक्स के मांग एवं वसुली पंजी एवं तहसीलदारों के द्वारा हस्त मांग पंजी को लेखापरीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया। फिर भी होल्डिंग टैक्स रसीद बुकों के जांच एवं नगर पंचायत के द्वारा मकान कर से संबंधित लेखापरीक्षा को प्रस्तुत की गई विवरणी के अनुसार 31 मार्च 2013 तक कुल ₹8.86923 लाख होल्डिंग टैक्स बकाया था, निम्न है–

	पूर्व का बकाया	चालु मांग	कुल
	रू. लाख में		
वर्ष 2012–13	9.08493	1.20000	10.28493
मार्च 2013 तक वसुली	1.12628	0.28942	1.41570
बकाया (अन्तर)	7.95865	0.91058	8.86923

अंकेक्षण आपत्ति का नगर पंचायत के द्वारा जवाब दिया गया कि इसके सम्बन्ध में नोटिस एवं जिला पदाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया था। बकाये हाल्डिंग टैक्स की वसूली की जा रही है।

अतः होल्डिंग टैक्स की बकाया (31 मार्च 2013) राशि ₹886923.00 की वसुली हेतु त्वरित कार्रवाई की जाय एवं अगले अंकेक्षण में दिखाया जाय।

17. स्वास्थ्य एवं शिक्षा उपकर की राशि की वसुली नहीं– ₹1.42 लाख

बिहार नगरपालिका अधिनियम के अन्तर्गत यह प्रावधान किया गया है कि हाल्डिंग टैक्स के 50 प्रतिशत स्वास्थ्य एवं 50 प्रतिशत शिक्षा उपकर के रूप में वसूली की जायेगी तथा वसूली गई स्वास्थ्य एवं शिक्षा उपकर की राशि में से नगर निकाय के द्वारा 10 प्रतिशत वसूली प्रभार के रूप में कटौती कर शेष 90 प्रतिशत राशि को सरकारी कोष में जमा करना होगा।

परन्तु नगर पंचायत के सहायक, सामान्य रोकड़ बही व अन्य अभिलेख के नमूना जांच में पाया गया कि नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत निजी मकानों से 31 मार्च 2013 तक वसूली गई होल्डिंग टैक्स के 50 प्रतिशत स्वास्थ्य एवं 50 प्रतिशत शिक्षा उपकर में से 10 प्रतिशत वसूली प्रभार की कटौती कर शेष राशि 90 प्रतिशत को सरकारी कोष में जमा नहीं किया गया था।

नगर पंचायत के द्वारा उपलब्ध कराये गये होल्डिंग टैक्स के प्रतिवेदित आंकड़ों के अनुसार मार्च, 2013 तक कुल ₹141570.00 की वसूली निजी मकानों से की गई थी, निम्न है–

(79)

पूर्व का बकाया	हाल	कुल
112628.00	28942.00	141570.00

उपरोक्त होल्डिंग टैक्स ₹141570.00 में स्वास्थ्य एवं शिक्षा उपकर संगणना इस प्रकार होगा–

	स्वास्थ्य उपकर (50 प्रतिशत)	शिक्षा उपकर (50 प्रतिशत)	सकल योग
	70785.00	70785.00	141570.00
वसुली प्रभार (10 प्रतिशत)	7078.50	7078.50	14157.00
शेष राशि (90 प्रतिशत)	63706.50	63706.50	127413.00

नगर पंचायत के द्वारा इस संबंध में जवाब दिया गया कि इसके लिए भविष्य में अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

अतः स्वास्थ्य एवं शिक्षा उपकर की वसुली प्रभार राशि ₹14157.00 की कटौती कर शेष राशि ₹127413.00 को सरकार के संबंधित शीर्ष में जमा की जाय एवं अगले अंकेक्षण में दिखाया जाय।

18. बकाया दुकान किराया राशि ₹4.32 लाख

नगर पंचायत कार्यालय द्वारा दुकानों से संबंधित मांग एवं वसूली पंजी का संधारण नहीं किया गया था जिसके अभाव में नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत स्थित कुल दुकानों की संख्या, मांग, वसूली एवं बकाया को सुनिश्चित नहीं किया जा सका।

यद्यपि कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये जय प्रकाश मार्केट कम्पलेक्स के अंतर्गत आवंटित कुल 26 दुकानों की सूची एवं उस पर बकाया राशि की विवरणी के अनुसार मार्च 13 तक कुल ₹432100.00 बकाया था।

लेखापरीक्षा आपत्ति

1. प्रस्तुत की गई सूची से साफ स्पष्ट था कि किराया एक लम्बी अवधि से चला आ रहा था, जो दर्शाता है कि इसके वसुली हेतु नगर पंचायत के द्वारा कोई ठोस प्रयास नहीं किये जा रहे थे।
2. दुकान सं0. 05, 06, 07, 09, 11, 14, 16, 20 एवं 23 के द्वारा मासिक किराया प्रारंभ भी नहीं किया गया था।
3. संबंधित दुकानों के एकरारनामा के नमूना जांच से ज्ञात हुआ कि किसी भी एकरारनामा में किराया नहीं देने/विलम्ब से देने की स्थिति में किसी प्रकार के कानूनी कार्रवाई/दंड का प्रावधान नहीं किया गया था जिसका गलत फायदा दुकानदारों द्वारा उठाया जा रहा था। इसके अलावे वर्तमान किराया दर 2001 में किये गये एकरारनामा के अनुसार था। एकरारनामा में किराया कितने वर्षों में कितना बढाया जाएगा इसका प्रावधान नहीं किया गया था जिसके अभाव

में करीब 12 वर्ष बीतने के बावजूद किराये में वृद्धि नहीं हुई थी। वर्तमान किराया दर रू. 300/– प्रति माह, जो बाजार दर से काफी कम था, युक्तिसंगत प्रतीत नहीं होता है।

उपर्युक्त आपत्तियों के आलोक में नगर पंचायत के द्वारा जवाब दिया गया कि दुकानदारों से मासिक किरायें की वसूली हेतु नोटिस निर्गत कर कार्रवाई की गई थी

परिणामस्वरूप दुकानदारों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में मामला दायर किया गया है जो विचाराधीन है। माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के आलोक में कार्रवाई की जायेगी।

उपरोक्त जवाब को सही नहीं ठहराया जा सकता है, क्योंकि नगर पंचायत के द्वारा किए गए दुकानों के मालिकों से एकरारनामा में कोई विधिसम्मत निबंधन एवं शर्तें नहीं किए जाने के कारण दुकान मालिकों के द्वारा नाजायज फायदा उठाया जा रहा था। अतः यह नगर पंचायत की ओर से जानबूझकर गलती करने का परिणाम है।

अतः दुकानों से बकाया किरायों राशि ₹4.32 लाख की वसूली के साथ– साथ अन्य अंकेक्षण आपत्तियों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाय।

19. संचार (मोबाइल) टावरों का पंजीकरण एवं नवीकरण शुल्क की बकाया राशि– ₹2.88 लाख

बिहार सरकार द्वारा संचार (मोबाईल) टावर एवं संबंधित संरचना पर करों के संबंध में बिहार संचार मीनार एवं संबंधित संरचना नियमावली, 2012 दिनांक 08.10.2012 को अधिसूचित किया गया है।

उपर्युक्त नियमावली के नियम 6(1) के अनुसार नगर पंचायत में पंजीकरण शुल्क ₹30000 प्रतिटावर एवं नवीकरण शुल्क ₹8000/– प्रतिवर्ष प्रतिटावर निर्धारित किया गया है।

नियम 6(2) के अनुसार, उपयुर्क्त नियमावली के प्रभावी होने के पूर्व के स्थापित मोबाइल टावरों को उपर्यूक्त वर्णित पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा तथा नवीकरण शुल्क टावर स्थापित करने के समय से पूर्ण वर्षो की संख्या के आधार पर लिया जाएगा।

नगर निकाय द्वारा लेखा परीक्षा में प्रस्तुत विवरणी एवं संबंधित अभिलेखों के अनुसार नगर निकाय के क्षेत्रान्तर्गत 09 मोबाइल टावर एवं 01 अतिरिक्त ऐन्टिना विभिन्न कम्पनियों की भिन्न– भिन्न वर्षों में उक्त अधिसूचना जारी के पूर्व में अधिस्थापित किये गये थे, जो उपर्युक्त नियमावली के अनुसार नगर निकाय से अपंजीकृत थे, दिनांक 31.03.13 तक कुल ₹2.88 लाख पंजीकरण एवं नवीनीकरण के रूप में बकाया था।

(विस्तृत विवरणी परिशिष्ट– VIII पर)

उपर्युक्त लेखापरीक्षा आपत्तियों के संबंध में नगर पंचायत द्वारा जवाव दिया गया कि इसके संबंध में पूर्व में नोटिस निर्गत किया गया था तथा भविष्य में इसकी वसूली हेतु सख्त (टावर सील) कार्रवाई की जायेगी।

अतः बकाया राशि ₹288000.00 मोबाइल टावर मालिकों से वसूल कर नगर पंचायत निधि में जमा किया जाय।

77

20. सुरक्षित जमा से कम में बन्दोवस्ती किये जाने से राजस्व क्षति– ₹0.70 लाख

सैरातों की बन्दोवस्ती के अभिलेख के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहनों से नगर प्रवेश शुल्क की वसुली की बन्दोवस्ती के लिए वर्ष 2009–10 में सुरक्षित जमा राशि ₹250000.00 निर्धारित किया गया था जिसकी खुली डाक के द्वारा दिनांक 26.03.09 को निर्धारित की गई थी जिसकी स्वीकृति कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा दिनांक 18.03.09 को एवं नगर पंचायत अध्यक्षा के द्वारा दिनांक 19.03.09 को प्रदान की गई थी तथा इसके दैनिक समाचार पत्रों यथा हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण में विज्ञापन प्रकाशन की सूचना दिनांक 20.03.09 को कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा दिया गया था। लेकिन समाचार पत्रों में विज्ञापन छपने की प्रमाण नहीं था।

परन्तु आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2009 के मददेनजर आदर्श आचार संहिता का हवाला देकर एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी मुंगेर से आवश्यक निर्देश प्राप्त करने हेतु स्वीकृति कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा दिनांक 21.03.09 को दी गई, लेकिन जिला पदाधिकारी द्वारा इसकी बन्दोवस्ती की स्वीकृति प्राप्त करने की साक्ष्य संचिका में नहीं पाया गया।

तदन्तर नगर पंचायत बोर्ड के द्वारा इसकी सुरक्षित जमा ₹2.50 लाख से घटाकर 01 लाख कर दिया गया, जिसकी विज्ञापन छपवाने हेतु (ज्ञापांक 165 दिनांक 22.06.09) कार्यपालक पदाधिकारी, उप मुख्य पार्षद, मुख्य पार्षद के द्वारा स्वीकृति दिनांक 22.06.09 को प्रदान की गई थी।

इस प्रकार व्यवसायिक वाहनों से नगर प्रवेश शुल्क की वसुली हेतु वर्ष 2009–10 में सुरक्षित जमा राशि का घटाना उचित नहीं था।

इसकी वन्दोवस्ती की आम डाक की साक्ष्य (तुलनात्मक डाक विवरणी) भी संचिका में उपलब्ध नहीं था। परन्तु इसकी बन्दोवस्ती खुली डाक (दिनांक 07.07.09) के द्वारा करने की साक्ष्य (पत्रांक 239 दिनांक 08.09.09) संचिका में पाया गया तथा दिनांक 01.04.09 से 06.07.09 तक की कोई विभागी वसुली भी नहीं की गई थी और न ही कोई आदेश निर्गत किये गये थे।

इस पत्रांक 239 दिनांक 08.09.09 के अनुसार सभी प्रकार के व्यवासयिक वाहनों के प्रवेश शुल्क की बन्दोवस्ती ₹114000.00 (अवधि 07.07.09 से 31.03.10 के लिए) किया गया था जबकि पूरे वित्तीय वर्ष के लिए निधारित किये गये सुरक्षित जमा ₹250000.00 के आसन्न में बन्दोवस्ती उक्त किये अवधि के लिए सुरक्षित जमा कम से कम ₹183562.00 निर्धारित होना चाहिए था तथा बन्दोवस्ती इस सुरक्षित जमा से कम नहीं होना चाहिए था। लेकिन बन्दोवस्ती इससे कम मात्र ₹100000.00 में बन्दोवस्ती की गई थी, जिसके कारण ₹69562.00 की कम से कम राजस्व क्षति हुई, की गणनां निम्न है –

01.04.09 से 31.03.10 तक अर्थात 365 दिन के लिए सुरक्षित जमाः–	250000.00
07.07.09 से 31.03.10 तक अर्थात 268 दिन के लिए सुरक्षित जमाः–	183562.00
की गई बन्दोवस्ती (अवधि 07.07.09 से 31.03.10) राजस्व क्षति	114000.00
अन्तर	69562.00

चूंकि अगले वित्तीय वर्ष की बन्दोवस्ती पिछले वित्तीय वर्ष के मार्च महीने में हो जानी चाहिए थी लेकिन नगर पंचायत के द्वारा इसके लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये थे जिसके कारण अवधि 01.04.09 से 06.07.09 के लिए न ही बन्दोवस्ती की जा सकी और न ही विभागीय वसूली ही की गई थी। जिसके कारण नगर पंचायत को राजस्व क्षति उठानी पड़ी।

उपरोक्त आपत्ति के आलोक में नगर पंचायत के द्वारा जवाब दिया गया कि इस सैरात की सुरक्षित जमा राषि का निर्धारण 2009–10 में लोक सभा आम निर्वाचन के मद्देनजर नियत समय पर बन्दोवस्ती नहीं होने के कारण बोर्ड द्वारा पूर्व में निर्धारित सुरक्षित जमा ₹250000.00 से घटाकर ₹100000.00 किया गया था तथा बन्दोवस्ती 07.07.09 से 31.03.10 तक के ₹114000.00 में किया गया था।

जवाब संतोषप्रद नहीं है।

अतः उक्त राजस्व क्षति ₹69562.00 के अलावे अवधि 01.04.09 से 06.07.09 के लिए विभागीय वसूली नहीं करने से भी हुई राजस्व क्षति की भरपाई जिम्मेवार व्यक्तियों से की जाय एवं कृत कार्रवाइ से अगले अंकेक्षण को अवगत कराया जाय।

21. सैरातों की बन्दोवस्ती हेतु सुरक्षित जमा राशि का गलत निर्धारिण होने से राजस्व हानि की संभावना

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार परिपत्र सं0 612/रा0भू0सु0 दिनांक 18.09.97 एवं पत्र सं0 09/सै0–7–प0व0–7/2001–668(9)/रा0, दिनांक 01.08.02 के अनुसार सैरातों की सुरक्षित जमा राशि का निर्धारण प्रत्येक तीन वर्ष पर किया जाना है जिसमें विगत वर्ष की बन्दोवस्ती राशि/सुरक्षित जमा राशि जो भी अधिक हो, में 15 प्रतिशत की वृद्धि कर कुल राशि को सुरक्षित जमा के रूप में निर्धारित किया जाना है।

परन्तु सैरातों के अभिलेख के नमूना जांच में पाया गया कि सैरातों की सुरक्षित जमा का निर्धारण पूर्व के तीन वर्षों के वन्दोवस्ती राशि का औसत निकालकर उसमें औसत राशि को जोड़कर कुल राशि को सुरक्षित जमा राशि का निधारित की जाती थी या फिर पिछले वर्ष का बन्दोवस्ती राशि को ही सुरक्षित जमा निर्धारित कर दी जाती थी। जो कि उपरोक्त पत्रांक के निर्देश के विरूद्ध था, विस्तृत विवरणी निम्न प्रकार है–

क. सब्जी बाजार

वर्ष	निर्धारित की गई सुरक्षित जमा	बन्दोवस्ती की गई राशि	निर्धारित होने योग्य सुरक्षित जमा राशि
2005–06	44313.00	50051.00	
2006–07	50100.00	51900.00	
2007–08	55220.0	181001.00	181001 + 181001 का 15 प्रतिशत
2008–09	181001.00	209000.00	208151.00 (181001 + 181001 का 15 प्रतिशत)
2009–10	209000.00	—	208151.00
2010–11 से 2012–13	बन्दोवस्ती पर रोक लगा दी गई है।		

175

ख. अर्गला फाटक

वर्ष	निर्धारित की गई सुरक्षित जमा	बन्दोवस्ती की गई राशि	निर्धारित होने योग्य सुरक्षित जमा राशि
2005–06	3149.00	3200.00	
2006–07		3200.00	
2007–08		3200.00	
2008–09	3393	बन्दोवस्ती नहीं हो रही है	3680.00 (3200 + 3200 का 15प्रतिशत)
2009–10 से 12–13	3400		3680.00

ग. टीन टोकन

वर्ष	निर्धारित की गई सुरक्षित जमा	बन्दोवस्ती की गई राशि	निर्धारित होने योग्य सुरक्षित जमा राशि
2005–06	21000.00	21950.00	
2006–07	23365.00	47000.00	
2007–08	47000.00	48102.00	
2008–09	48102.00	49101.00	55317.00 (48102 + 48102 का 15प्रतिशत)
2009–10	55278.00	56000.00	
2010–11	58728.00	59500.00	
2011–12	63100.00	63900.00	63615.00 (55317 + 55317 का 15प्रतिशत)
2012–13	68579.00	69050.00	63615.00
2013–14	79407.00	79607.00	63615.00

घ. सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहनों के नगर प्रवेश शुल्क

वर्ष	निर्धारित की गई सुरक्षित जमा	बन्दोवस्ती की गई राशि	निर्धारित होने योग्य सुरक्षित जमा राशि
2009–10	250000.00	114000.00 (07.07.09 से 31.03.13)	
2010–11	174805.00	650000.00	
2011–12	747500.00	651000.00	
2012–13	542455.00	651501.00	859625.00 (747500 + 747500 का 15 प्रतिशत)
2013–14	749226.00	810000.00	859625.00

ड़ सड़कों के किनारे अवस्थित गुमटी से टौल टैक्स की वसुली

वर्ष	निर्धारित की गई सुरक्षित जमा	बन्दोवस्ती की गई राशि	निर्धारित होने योग्य सुरक्षित जमा राशि
2009–10	100000.00	13501.00	
2010–11	20700.00	21800.00	
2011–12	25070.00	40050.00	
2012–13	28885.00	40700.00	46805.00 (40700 + 40700 का 15 प्रतिशत)
2013–14	46805.00	95000.00	46805.00

अतः उपर्युक्तवर्णित सैरातों की सुरक्षित जमा नियमानुकूल की जाती तो स्पष्ट है कि सुरक्षित जमा राशि का निर्धारिण भी पूर्व की निर्धारित सुरक्षित जमा से अधिक होती। फलतः बन्दोवस्ती की राशि भी स्वाभाविक रूप से अधिक पर होती तथा इससे नगर पंचायत को राजस्व की अधिक प्राप्ति हाती। परन्तु ऐसा न होने से नगर पंचायत को राजस्व की भारी नुकासान उठाना पड़ रहा था।

अंकेक्षण आपत्ति के आलोक में नगर पंचायत के द्वारा जवाब दिया गया कि भविष्य में इसका ख्याल रखा जायेगा।

जवाब संतोषप्रद नहीं है।

अतः उच्च प्राधिकारियों का इस ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है कि सैरातों की बन्दोवस्ती हेतु उपर्यक्त नियमों के अनुसार सुरक्षित जमा का निर्धारण सुनिश्चित किया जाय एवं राजस्व वृद्धि का ख्याल रखा जाय।

22. स्टाम्प पेपर पर एकरारनामा नहीं होने से सरकार को राजस्व क्षति– ₹0.42 लाख

इंडियन रजिस्ट्रेशन एक्ट 1908 की धारा 17 (1)(डी) के अनुसार अचल सम्पत्तियों के बंदोबस्ती रजिस्टर्ड होना चाहिए।

मुख्य सचिव, बिहार सरकार (पत्रांक 1920/रजि0/मु0 सचिव दिनांक 14.08.02) एवं सचिव सह महानिरीक्षक रजिस्ट्रेशन (पत्रांक 549 दिनांक 15.03.05) के निर्देश के आलोक में किसी प्रकार की बंदोबस्ती का एकरारनामा स्टाम्प पेपर पर होना चाहिए जिसका मूल्य बंदोबस्ती की राशि के 03 प्रतिशत के बराबर होगा।

नगर पंचायत, हवेली खड़गपुर के वर्ष 2007–08 सें 2012–13 तक के सैरातों के बंदोबस्ती संबंधित अभिलेख के नमूना जांच में पाया गया कि किसी भी बंदोबस्तदार से बंदोबस्ती (वर्ष 2007–08 से 2010–11 में) संबंधित एकरनामा सरकारी मुदांक पेपर पर नहीं किया गया था। स्टाम्प पेपर पर बंदोबस्ती नहीं होने से राज्य सरकार को ₹42156.00 के राजस्व की क्षति हुई।

(विस्तृत विवरणी परिशिष्ट– IX पर)

अंकेक्षण आपत्ति के आलोक में नगर पंचायत के द्वारा जवाब दिया गया कि जानकारी के अभाव में वर्ष 2007–08 से 2010–11 तक स्टाम्प पेपर पर नहीं की गई थी जिसके भरपाई हेतु प्रयास किये जायेगे।

अतः उपर्युक्त राजस्व क्षति ₹42156.00 की भरपाई इसके जिम्मेवार व्यक्तियों से कर सरकार के संबंधित शीर्ष में जमा किया जाय एवं अगले अंकेक्षण में दिखाया जाय।

23. सोलर लाईट की खरीद में वित्तीय अनियमितताएं

नगर पंचायत, हवेली खड़गपुर द्वारा वर्ष 2010–11 में बी0आर0जी0एफ0 मद से कुल 21 जगहों पर सोलर लाईट की खरीद कर उसका अधिष्ठापित किया गया जिसकी विवरणी इस प्रकार है:–

क0 सं0	योजना सं0	योजना का नाम	प्राक्कलन	कुल भुगतान		एजेंसी का नाम एवं पता
				चेक सं0/दिनांक	राशि	
